प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर—अजमेर
दिनांकः 18.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने दोनो देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए गोथेनबर्ग में द्विपक्षीय वार्ता की।

- प्रदेश में 2 लाख 60 हजार किसानों को दलहन और तिलहनी फसलों के प्रमाणित बीज उपलब्ध करवाने के लिए 135 करोड़ रूपये की योजना मंजूर की गई।

- राज्य में अधिकतर हिस्सों में दिन और रात के तापमान में बढोतरी से गर्मी के तेवर फिर से तीखे—सीमावर्ती जिलों में आज हीटवेव की संभावना।

- विश्व संग्रहालय दिवस के मौके पर आज प्रदेश के स्मारको और राजकीय संग्रहालयों में निशुल्क प्रवेश की सौगात दी गई है।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में कल स्वीडन के गोथेनबर्ग पहुंचे। इस यात्रा के दौरान श्री मोदी **ने** स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता और द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। दोनों पक्षों के बीच व्यापार, पर्यावरण अनुकूल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप्स, आपूर्ति श्रृंखला, रक्षा, अंतरिक्ष, जलवायु परिवर्तन कार्रवाई पर सहयोग के लिये विचार विमर्श हुआ। यात्रा का प्रमुख आकर्षण यूरोपियन राउंड टेबल फॉर इंडस्ट्री रहा, जिसे दोनों प्रधानमंत्रियों ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेयर लेयेन के साथ संबोधित किया।

.....................

प्रदेश में लोगों को जल संचय और मकानों तथा भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने के लिए जागरूक किया जायेगा, जिससे जल संग्रहण कर बरसात के पानी का अधिकतम उपयोग हो सके। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, जल संचय जन भागदारी 2.0 और कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान की प्रगति की उच्चस्तरीय बैठक ली। उन्होंने इस अभियान को जन आंदोलन बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहरों से लेकर गांवों तक लोगों और प्रशासन की इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाये। गौरतलब है कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 25 मई से शुरू होकर 5 जून तक चलेगा।

.....................

प्रदेश में 2 लाख 60 हजार किसानों को दलहन और तिलहनी फसलो के अनुदानित बीज उपलब्ध करवाये जायेंगे। इसके लिए वित्त विभाग ने 135 करोड़ रूपये की योजना मंजूर की है। कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने बताया कि नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल—तिलहन और दलहन के तहत ये राशि मंजूर की गई है। योजना के तहत राज्य में 70 हजार फसल प्रदर्शनों का आयोजन किया जायेगा तथा किसानों को मूंग, उड़द, सायोबीन, सरसों, तिल और अरंडी के प्रमाणित बीज उपलब्ध करवाये जायेंगे। ये योजना आत्तनिर्भर भारत अभियान के तहत किसानों की आमदनी बढाने की दिशा में एक बडा कदम है। कृषि मंत्री ने बताया कि बीज वितरण और फसल प्रदर्शनों की प्रक्रिया जल्द शुरू की जायेगी।

.....................

सवाईमाधोपुर जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को खरीफ 2025 में बडी राहत मिली है। जिला कलेक्टर कानाराम ने जिले के किसानों को अतिवृष्टि से प्रभावित फसलो के लिए करीब 47 करोड़ 33 लाख रूपये की दावा राशि मंजूर की है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक लखपत लाल मीणा ने बताया कि जिले में बेमौसम की तेज बरसात से बाजरा, तिल और उडद की फसलो को काफी नुकसान हुआ था। इसके बाद कृषि विभाग और बीमा कंपनियों ने संयुक्त रूप से सर्वे कर किसानों के नुकसान का आकलन किया। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 51 हजार से ज्यादा किसानों के बैंक

खातों में ये राशि डीबीटी की जा चुकी है। किसानों ने बताया कि आपदा की स्थिति में ये योजना उनके लिए बडी राहत लेकर आई है।

.....................

पाली जिले में जनजातीय समुदायों के विकास के मकसद से आज से पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया जा रहा है। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि ये अभियान 25 मई तक चलेगा। जिले की दूरदराज की ढाणियों और गांवों में आदिसेवा केन्द्रों के माध्यम से 21 से 23 मई तक जन सुनवाई होगी। वहीं संतृप्ती शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाये जायेंगें।

.....................

राज्य में अधिकतर हिस्सों में दिन और रात के तापमान में बढोतरी होने से गर्मी के तेवर फिर से तीखे हो गए है। ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 42 से 45 डिग्री के बीच मापा जा रहा है। कल सात शहरों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। वहीं 8 शहरों में रात का तापमान 30 डिग्री से ज्यादा रहा। प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पारे में 1 से 3 डिग्री तक का उछाल आया है। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने और कई क्षेत्रों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। वहीं आने वाले दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की और बढोतरी हो सकती है। सीमावर्ती जिलों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री तक पंहुचने और हीटवेव चलने की संभावना है। वहीं पूर्वी राजस्थान में दिन का तापमान 42 से 45 डिग्री के बीच रहने के आसार है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में आज से 22 मई के दौरान तेज सतही हवायें चलने का अनुमान है।

.....

.....................

चूरू जिले के मानपुरा में एक खेत में बनी झोपडी में आग लगने से दो बालिकाओं की मौत हो गई। वहीं दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना पनियाला के पास कार और ट्रक के बीच टक्कर से हुई। उधर अम्बाला हाईवे पर एक कार के बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।

.....................

आज विश्व संग्रहालय दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश के स्मारको और राजकीय संग्रहालयों में देशी विदेशी सैलानियों तथा आमजन को निशुल्क प्रवेश मिलेगा। वहीं पर्यटकों का स्वागत पारम्परिक अंदाज में किया जायेगा। संग्रहालय दिवस के मौके पर पाली में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और महत्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

जैसलमेर में भी थार हेरिटेज म्यूजियम में विरासत संरक्षण पर विचार गोष्ठी रखी गई है।

.....................

रामदेवरा जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आज विशेष रेलगाड़ी चलेगी। ये विशेष रेल सेवा एक दिन के लिए संचालित होगी। ये ट्रेन आज सुबह साढे नौ बजे जोधपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होकर करीब एक बजे रामदेवरा पहुंचेगी, वापसी में दोपहर दो बजे रामदेवरा से रवाना होकर शाम साढे पांच भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसका मण्डोर, ओसियां और फलौदी सहित सभी निर्धारित स्टेशनों पर ठहराव रहेगा।

.....................

सवाईमाधोपुर में नई वंदे भारत ट्रेन की गति का परीक्षण पूरा किया गया। आधुनिक सुविधाओं से लेस इस रेलगाडी को कोटा मंडल के विभिन्न मार्गो पर 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलाकर परखा गया।

.....................